स्वच्छ भारत मिशन शहरी के अंतर्गत नगरीय निकाय आमला क्षेत्र में निकाय स्तर पर "स्वच्छता ब्रांड एम्बैसडर्स" नियुक्ति हेतु

स्वच्छ सर्वेक्षण 2018

//आवेदन-पत्र//

Photo

1. आवेदक का नाम :- ....
2. पिता/पति का नाम :- ....
3. पत्राचार का पता :- ....

   ....
4. स्थाई निवास का पता :- ....

   ....
5. शैक्षणिक योग्यता :- ....
6. जन्मतिथि :- ....
7. व्यवसाय :- ....
8. सामाजिक पृष्ठ भूमि :- ....
9. राजनैतिक पृष्ठ भूमि :- ....

10. किस आधार पर ब्रांड एम्बैसडर्स की दावेदारी प्रस्तुत की जा रही है :-

1. चयनित व्यक्ति को इस कार्य के लिए किसी प्रकार का कोई मानदेय/सुविधा/परिलाभ नही दिया जावेगा।
2. यह कार्य शहर को स्वच्छ रखने हेतु निस्वार्थ भाव से शहर को सुंदर बनाने के लिए किया जाना।
3. भारत वर्ष के किसी भी थाना क्षेत्र में किसी भी प्रकार के कोई प्रकरण/न्यायालय में दर्ज न हो।

स्थान :- ....

दिनांक:- ....

आवेदक के हस्ताक्षर

टीप :- आवेदक उपरोक्त बिन्दूओं के क्रम में पृथक से अपनी जानकारी टाईप कराकर भी दे सकते है।

स्वच्छता ब्रांड एम्बैसडर्स

पृष्ठभूमि :

स्वच्छ भारत मिशन एक जन आंदोलन हैं। समाज के प्रभावी व्यक्ति जिम्मेदार नागरिक यदि इस मिशन से जुड़ जाते है तो निश्चित रूप से अपने कार्यक्षेत्र में राष्ट्रहित और समाजहित में विशिष्ट योगदान दे सकते हैं। स्वच्छ भारत, स्वस्थ की संकल्पना तभी पूरी हो सकती है, जब समाज के सभी अंग मिलकर स्वच्छ भारत की दिशा में सतत प्रयासरत हों।

स्वच्छ भारत मिशन शहरी के अंतर्गत निकाय स्तर पर एम्बैसडर्स को चिन्हित कर नामांकित किया जाना है। वस्तुतः यह प्रधानमंत्री भारत सरकार के "एम्बेसडर्स नमिनेशन" को आगे बढ़ाते हुए जमीनी स्तर तक पहुँचाने का प्रयास है।

शिक्षा/स्वास्थ्य/कला/खेल/व्यापार/साहित्य पत्रकारिता/समाज सेवा/पर्यावरण के क्षेत्रों से ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किए जाना प्रस्तावित है। चयनित स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर को स्वच्छ भारत मिशन का गतिविधियों से इन्हें अवगत कराया जाएगा।

स्वच्छता एम्बैससडर्स को चुनने के आधार :-

1. शिक्षा/स्वास्थ्य कला/खेल/व्यापार/साहित्य/पत्रकारिता/समाज सेवा पर्यावरण के क्षेत्रों के जागरूक सक्रिय व प्रतिष्ठित व्यक्तियों को स्वच्छता एम्बैसडर्स के रूप में चयनित किया जाएगा।
2. एम्बैसडर्स को चुनने का आधार उनकी लोकप्रियता एवं सामाजिक मुद्दों विशेषतः स्वच्छता के प्रति किए जाने वाले कार्य विचार व जागरूकता गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी हो सकती है।
3. इस कार्य के लिए कोई भी अधिक सहयोग नहीं दिया जाएगा अतः आवश्यक है कि इस बात की स्पष्टता चयन करते वक्त ही हो एवं निस्वार्थ भाव से अपने शहर को स्वच्छ व सुन्दर बनाने का सपना देखने वाले व्यक्तियों और इस लक्ष्य प्राप्ति के लिए योगदान देने के लिए तत्पर व्यक्तियों का चयन किया जाये।
4. चिहिन्त एम्बैसडर्स द्वारा अपने क्षेत्र में दिए गए योगदान एवं किए गए उल्लेखनीय कार्यों का संक्षिप्त विवरण निकाय में जमा किया जाए।

स्वच्छता एम्बैसडर्स की चयन प्रक्रिया

निगम स्तर पर प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए लोगों से इच्छा एवं दावेदारी प्रस्तुत करने का अनुरोध किया जाए जिसमें फार्मेट और निगम की मेल आईडी भी हो।

नगर निगम अध्यक्ष की अध्यक्षता में समिति गठित कर प्राप्त अनुरोध/बायोडाटा (संक्षिप्त) के आधार पर उपयुक्त एम्बैसडर्स का चयन किया जाएगा।

निकाय द्वारा शहर के प्रतिष्ठित जागरूक व सक्रिय नागरिकों का सीधा नामांकन भी किया जा सकता है।

निकाय समस्त ब्रांड–एमबैसडर्स की सूची नाम,पता व सम्पर्क जानकारी सहित अपने पास उपलब्ध रखें।

स्वच्छता एम्बैसडर्स की भूमिका

- स्वच्छ सुन्दर नगरीय निकायों में अभियानों में लोगों को प्रेरित करना व सक्रिय भागीदारी करना। स्वच्छता अभियानों में सुझाव सलाह के रूप में सतत् योगदान देना
- प्रभावी सूचना शिक्षा संप्रेषण के लिए अलग–अलग माध्यमों के द्वारा छात्रों/युवाओं को प्रेरित करना एवं स्वच्छता के मुद्दे को प्रमुखता से प्रसार–प्रचार करना।
- नागरिकों को स्वच्छ वातावरण बनाने के लिए व्यवहार परिवर्तन के लिए प्रेरित करना। समय–समय पर ये ब्रांड एम्बेसडर स्वयं अपने क्षेत्र में विशेष संदेश विशेष अभियान आयोजित कर सकते है।
- केन्द्र सरकार के द्वारा निर्धारित थेमेटिक ड्राइव में जुड़कर ये प्रभावी नागरिक अन्य युवाओं को संदेश देकर स्वच्छता के लिए प्रेरित कर सकते है।
- ब्रांड एम्बैसडर प्रति माह की गयी गतिविधियों को निकाय के साथ साझा करें और समीक्षा बैठकें आयोजित कर आगे की कार्ययोजना बनाएं।
- स्वच्छ भारत मिशन की सार्थकता एवं संवहनीयता को बढ़ाने के लिए नवाचार को प्रेरित करना।
- सभी ब्रांड एम्बैसडर सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी गतिविधियों को साझा करेंगे जिससे जागरूकता के साथ–साथ सहभागिता भी बढ़ेगी।
- सभी ब्रांड एम्बेसडर अगले वर्ष एक और ब्रांड एम्बैसडर नामित करेंगे ।
- प्रत्येक वर्ष ब्रांड एम्बैसडर का सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हें सम्मानित किया जाएगा।